दिनांक–05.10.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में सभी क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ CGRC पर प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे में निराकरण कराने के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

- दिनांक–31.10.2026 तक सभी प्रमंडलों को टैंकों की शत–प्रतिशत सफाई पूर्ण कर लेने का निदेश दिया गया। साथ ही कार्यपालक अभियंता अपने अधीनस्थ सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता को निदेशित करेंगे कि संबंधित एजेंसियों/संवेदकों से संपर्क कर प्रतिदिन टैंकों की सफाई का निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए अद्यतन स्थिति MIS Portal पर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे एवं इसका सतत अनुश्रवण सभी अधीक्षण अभियंता करेंगे, यदि टैंकों की सफाई का निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं होता है तो संबंधित पदाधिकारियों/एजेंसियों/संवेदकों के विरूद्ध कार्रवाई/स्पष्टीकरण पूछते हुए इसकी सूचना मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी सहायक अभियंता/सभी कनीय अभियंता।

- प्रतिदिन CGRC Portal पर प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे के अंदर क्रियाशील कर जलापूर्ति बहाल करने का निदेश दिया गया था, जिसके संदर्भ में प्रमंडलों द्वारा 24 घंटे के अंदर मात्र 10–20 प्रतिशत ही निष्पादित किया गया है, जो कि संतोषप्रद नहीं है। सभी कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि प्रतिदिन CGRC Portal पर प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे के अंदर 70–80 प्रतिशत निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। इसका सतत अनुश्रवण सभी अधीक्षण अभियंता स्वयं करते हुए निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

- समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता, अररिया समीक्षात्मक बैठक में अनुपस्थिति पाए गए। इस संबंध में बैठक में नामित सहायक अभियंता द्वारा बताया गया कि फीवर होने के कारण छुट्टी पर है। संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता से पृच्छा करने पर उनके द्वारा बताया गया कि कार्यपालक अभियंता, अररिया द्वारा छुट्टी के संबंध में कोई आवेदन/दूरभाष पर बात नहीं हुई है। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता, अररिया से प्रशाखा–05/11 से स्पष्टीकरण पूछते हुए एक दिन का वेतन बंद करने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः– अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना।

- सभी कार्यपालक अभियंता अपने अधीनस्थ सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता की समीक्षा करेंगे कि प्रतिदिन CGRC Portal पर प्राप्त शिकायतों का 24 घंटे के अंदर उनके द्वारा कितना निराकरण करा लिया गया है। साथ ही सभी अधीक्षण अभियंता MIS Portal पर सतत अनुश्रवण करते हुए निरीक्षण करते रहेंगे।

अनुपालनः– सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

08.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांकः– 14/वि0स0–102/24–838 दिनांक– 12/10/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रक्षेत्र, बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः–14/वि0स0–102/24–838 दिनांक– 12/10/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (दक्षिण बिहार/अनुश्रवण/यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य परियोजना कार्य अंचल, पटना/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)

ज्ञापांकः–14/वि0स0–102/24–838 दिनांक– 12/10/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव
(मुख्यालय)